# पर्यावरण ऑडिट नियम, 2025

**स्रोत: पी. आई.बी.**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC)** ने **पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986** के तहत **पर्यावरण ऑडिट नियम, 2025** अधिसूचित किये हैं, जिनका उद्देश्य पूरे भारत में **पर्यावरणीय जवाबदेही के लिये एक व्यापक ढाँचा** स्थापित करना है।

## पर्यावरण ऑडिट नियम, 2025 की प्रमुख विशेषताएँ क्या हैं?

- **पर्यावरण ऑडिटर्स का प्रमाणन और पंजीकरण: पर्यावरण ऑडिटर्स (EA)** का प्रमाणन और पंजीकरण MoEFCC द्वारा अधिसूचित **पर्यावरण लेखा परीक्षा नामित एजेंसी (EADA)** द्वारा किया जाएगा। **EADA** की ज़िम्मेदारियाँ निम्नलिखित हैं:
  - ऑडिटर्स का प्रमाणन, पंजीकरण और निगरानी।
  - प्रदर्शन की निगरानी और प्रशिक्षण प्रदान करना।
  - आवश्यकतानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई करना।
- **पंजीकृत पर्यावरण लेखा परीक्षक (REA):** ऑडिट कार्य पंजीकृत **पर्यावरण लेखा परीक्षकों (REA)** द्वारा किये जाएँगे।
  - REA को निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिये परियोजनाएँ यादृच्छिक रूप से आवंटित की जाएँगी।
  - REA विभिन्न पर्यावरण एवं वन संबंधी कानूनों के अंतर्गत नमूनाकरण, विश्लेषण, क्षतिपूर्ति गणना और लेखा परीक्षा सहित गतिविधियाँ करेंगे।
- **अनुपालन की दो-स्तरीय प्रणाली:**
  - **टियर-1**: सरकारी नियामक (**CPCB**, **SPCBs**, **MoEFCC** क्षेत्रीय कार्यालय) अनुपालन की समीक्षा करेंगे।
  - **टियर-2**: तृतीय पक्ष सत्यापन के लिये REAs द्वारा ऑडिट किया जाएगा।
- **निरीक्षण और निगरानी:** पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के एक अतिरिक्त सचिव के नेतृत्व में गठित संचालन समिति द्वारा इन नियमों के कार्यान्वयन की निगरानी की जाएगी।




## UPSC सिविलि सेवा परीक्षा, विगित वर्ष के प्रश्न (PYQ)

***??????????***

**प्रश्न1.** निम्नलिखिति में से कौन-सा भौगोलिक क्षेत्र की जैवविविधिता के लिये खतरा हो सकता है? **(2012)**

1. ग्लोबल वार्मिंग
2. आवास का खंडीकरण
3. विदेशी प्रजातियों का आक्रमण
4. शाकाहार को बढ़ावा देना

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करे सही उत्तर का चयन कीजिये:**

(a) केवल 1, 2 और 3

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: (a)**

**प्रश्न2. जैवविविधता निम्नलिखित तरीकों से मानव अस्तित्व के लिये आधार बनाती है: (2011)**

1. मृदा का निर्माण
2. मृदा क्षरण की रोकथाम
3. अपशिष्ट का पुनर्चक्रण
4. फसलों का परागण

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिये:**

(a) केवल 1, 2 और 3

(b) केवल 2, 3 और 4

(c) केवल 1 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: (d)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/environment-audit-rules-2025